दिन– बुधवार                                                         दिनांक– 10 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                       अवधि– 15 मिनट

---

01. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी। तीन लाख से अधिक मतदाता ग्यारह प्रत्याशियों की किस्मत का कर रहे हैं फैसला।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना के जे. पी. गंगा पथ के तीसरे चरण का लोकार्पण करेंगे।

03. राज्य की प्रमुख नदियों में उफान के कारण पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और सुपौल समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। नए इलाकें भी बाढ़ की चपेट में।

04. और, सिवान से दिल्ली जा रही बस उत्तर प्रदेश के उन्नाव में दुर्घटनाग्रस्त। भीषण सड़क हादसे में पंद्रह लोगों की मौत, बीस से अधिक घायल।

---

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रूपौली विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख तेरह हजार छह सौ चौंसठ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ ही ग्यारह प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस क्षेत्र में तीन लाख तेरह हजार छह सौ चौंसठ मतदाता हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

रूपौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था के बीच सुबह 7 बजे से हीं सभी तीन सौ इक्कीस बूथों पर मतदान शुरू हो गई है। सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें विभिन्न बूथों पर देखी जा रही है। रूपौली विधानसभा क्षेत्र में एक लाख इकसठ हजार सात सौ बारह पुरूष, जबकि एक लाख इक्यावन हजार नौ सौ छत्तीस महिला वोटर हैं। पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं की संख्या तीन हजार नौ सौ इक्यावन है। थर्ड जेंडर वोटर की संख्या मात्र सोलह। इसके लिए 70 ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गयी है। इस बार 120 बूथ संवेदनशील और अति संवेदनशील हैं। वही 161 बूथों पर वेव कास्टिंग से चुनावी व्यवस्था पर निगरानी रखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णियां से होमी चंदन।

उप चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए उम्मीदवार जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल और महागठबंधन की ओर से राजद उम्मीदवार बीमा भारती के बीच माना जा रहा है। मतों की गिनती तेरह जुलाई को होगी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना के जे. पी. गंगा पथ के तीसरे चरण का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद भी मौजूद रहेंगे। इस पथ के लोकार्पण के बाद गाय घाट से कंगन घाट के बीच नवनिर्मित जे. पी. गंगा पथ वाहनों के परिचालन के लिए खोल दिया जाएगा। जे. पी. गंगा पथ का यह भाग साढे तीन किलोमीटर लंबी है। इससे पटना सिटी के निवासियों समेत अन्य लोगों को अशोक राजपथ पर लगने वाले भीषण जाम से राहत मिलेगी। साथ ही व्यापारियों को भी मंडियों में पहुंचना आसान हो जाएगा।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश के चलते प्रदेश में कोसी, गंडक, बागमती और महानंदा समेत कई अन्य नदियां उफान पर हैं। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान को पार कर गयी है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर रून्नीसैदपुर और बेनीबाद में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और महानंदा नदी किशनगंज के तैयबपुर, पूर्णियां के ढेंगराघाट और कटिहार के झावा में खतरे के निशान को पार कर गयी है। परमान नदी का जलस्तर भी अररिया में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है।

---

राज्य की प्रमुख नदियों में उफान के कारण कई जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। कोसी नदी के जलस्तर में हो रही लगातार बढ़ोतरी के चलते पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और सुपौल समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। साथ ही नए इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। कोसी बराज से कल देर शाम दो लाख बयालीस हजार से अधिक क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि नये इलाकों में कोसी नदी का पानी तेजी से फैल रहा है।

–––बाईट–––

वीरपुर स्थित भीमनगर कोसी बराज पर नदी के जलस्तर में कमी आयी है लेकिन अब भी यह खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। पिछले तीन दिनों के दौरान अत्यधिक पानी छोड़े जाने के कारण पूर्वी कोसी तटबंध के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। कबियाही, करहरी, सनपतहा, ढोली, बनैनिया, बलथरवा, कटैया, भुलिया, वैसा, तकिया, उग्रीपट्टी और मौरा सहित कई गांवों में लोगों के घरों में दो से तीन फीट तक पानी जमा है। जल जमाव के कारण बाढ़ पीड़ितों के बीच भोजन–पानी और पशु चारे की समस्या उत्पन्न हो गयी है। वहीं, सड़कों पर जल जमाव के कारण आवागमन भी बाधित हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

हमारे मोतिहारी संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बाराज से लगातार पानी छोड़े जाने के बाद पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज और सारण जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। पूर्वी चम्पारण में गंडक के साथ–साथ सिकरहना नदी भी उफान पर है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

जिले के बंजरिया, केसरिया और संग्रामपुर प्रखंड के गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। संग्रामपुर में बाढ़ का पानी सड़कों पर आ गया है, जिससे आवागमन बाधित है। दक्षिणी भवानीपुर पंचायत के मलाही टोला में आरडब्ल्यूडी से बना ह्युम पाईप पुल बाढ़ के पानी में बह गया। बंजरिया प्रखंड के जनेरवा, खैरी और गोबरी सहित कई निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आ गये है। वहीं, केसरिया प्रखंड के तटवर्ती ढेकहां, मझरिया और कढ़ान पंचायत सहित कई गांव पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता बज्रेश सिंह ने बताया कि विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। आकाशवाणी समाचार के लिए मोतिहारी से आलोक कुमार।

सारण जिले में गंडक नदी के उफान के कारण कई निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

गंडक के जलस्तर में बढ़ोतरी से पानापुर और तरैया के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने लोगों को सचेत करते हुए ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी है। एडीएम और एएसपी ने प्रभावित क्षेत्रों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। इधर, पानापुर के सरोजा, भगवानपुर और पृथ्वीपुर में बांध की मरम्मत का काम तेजी से चल रही है। क्षतिग्रस्त जगहों पर बैग में मिट्टी डालकर कटाव को रोका जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए छपरा से पवन कुमार सिंह।

इधर, भोजपुर के चौड़ी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव के रामबाग स्थित नहर के बगल में बनाई गयी पुलिया टूट गयी है। पुलिया के टूट जाने से बेरथ के आस–पास के गांव अकोड़ा और डेगो डिहरी गांव से संपर्क टूट गया है।

---

शिवहर जिले के सदर प्रखण्ड अंतर्गत मोहारी के पास बागमती तटबंध पर तेजी से कटाव हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बागमती नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव के चलते तटबंध के टूटने का खतरा उत्पन्न हो गया है। प्रशासन की ओर से कटाव निरोधी कार्य मुस्तैदी से चलाये जा रहे हैं। इधर, खगड़िया जिले से होकर बहने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि से जिले के आधे दर्जन से अधिक स्थानों पर कटाव से दर्जनों गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय सांसद

राजेश वर्मा ने अलौली प्रखंड के चेराखेरा पंचायत के विभिन्न गांवों में कटाव का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिये।

---

मौसम विभाग ने आज किशनगंज, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल सहित कई स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, मुजफ्फरपुर, छपरा, शिवहर, वैशाली, बक्सर, पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो से तीन दिन में राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में रोहतास जिले में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि सात अन्य लोग घायल हो गये। बक्सर में वज्रपात से दो पशुओं की मौत हो गयी।

---

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में आज सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में पंद्रह लोगों की मौत हो गयी, जबकि बीस से अधिक घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बस सिवान से दिल्ली जा रही थी। इस दौरान बीच रास्ते में उन्नाव जिले के बांगरमऊ के पास डबल डेकर बस और दूध टैंकर के बीच हुयी टक्कर से हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस दो हिस्सों में बट गयी। कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और बचाव कार्य जारी है।

---

नीट–यूजी कथित परीक्षा पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने पटना से दो और संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नालंदा और एक गया का रहने वाला है। नीट पेपर मामले में सीबीआई ने अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पटना से चार, झारखंड से पांच, गुजरात से दो लोग शामिल हैं। पटना में लगभग दस आरोपियों को रिमांड पर लेकर सीबीआई पूछताछ कर रही है।

---

मुजफ्फरपुर के चक्कर मैदान में अग्निवीर योजना के तहत आज से भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गयी है। यह प्रक्रिया उन्नीस जुलाई तक चलेगी। इसमें आठ जिले मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण के पुरूष अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। इधर, अग्निवीर वायु सेना में भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया भी जारी है। यह प्रक्रिया अट्ठाईस जुलाई तक चलेगी। परीक्षा अठारह अक्टूबर को आयोजित की जाएगी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटर और मैट्रिक परीक्षा, दो हजार पच्चीस के लिए डमी पंजीयन कार्ड जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि इंटर और मैट्रिक परीक्षा के लिए जिन छात्रों ने अपने फॉर्म पर अपने और माता–पिता के नाम की जगह पंजीयन कार्ड पर कोई अंक या फिर अंग्रेजी का अक्षर लिखा है, ऐसे छात्रों का पंजीयन रद्द कर दिया जाएगा। इधर, इंटर में प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। पिछले दो दिनों में डेढ़ लाख छा़त्रों ने नामांकन कराया है।

---

भारत और जिम्बॉब्वे के बीच टी–ट्वेंटी श्रृंखला का तीसरा मुकाबला आज शाम हरारे स्पोर्टस क्लब मैदान में खेला जायेगा। यह मैच शाम चार बजकर तीस मिनट से शुरू होगा। पांच मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें एक–एक मैच जीत चुकी हैं। शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत की युवा टीम आज का मैच जीतकर श्रृंखला में बढत बनाने का प्रयास करेगी। इधर, बीसीसीआई ने पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर को इंडिया टीम का नया हेड कोच बनाये जाने की घोषणा की है। कोच के रूप में श्री गंभीर के कार्यकाल की शुरूआत श्रीलंका दौरे से होगी। श्रीलंका में टीम इंडिया सत्ताईस जुलाई से तीन टी–ट्वेंटी और तीन वनडे मैचों की श्रृखंला खेलेगी।

---

कटिहार नगर थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट में खाद बीज मंडी स्थित एक बीज दुकान और गोदाम में भीषण आगलगी की घटना में करीब एक करोड़ रुपये से ज्यादा का खाद बीज जलकर नष्ट हो गया।

---

मधेपुरा में प्रभारी मंत्री–सह–ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने नवनिर्मित महिला सशक्तिकरण भवन और पांच नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का उद्घाटन किया।

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– दारोगा भर्ती परीक्षा में राज्यभर के एक हजार दो सौ पचहत्तर अभ्यर्थी सफल। तीन ट्रांसजेंडर और चार सौ पचास महिलाएं बनेंगी दारोगा।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– पूर्वी चंपारण में विराट रामायण मंदिर के दूसरे चरण का काम शुरू। मुख्य संरचना पर खर्च होंगे एक सौ पचासी करोड़।

**प्रभात खबर** ने कॉमन यूनिवर्सिटी की खबर को प्रमुता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– सीयूटी–यूजी आंसर–की में आधे आंसर गलत।

माता–पिता और बुर्जुगों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून की खबर को **दैनिक जागरण** ने अपनी लीड बनाते हुए लिखा है– बच्चों की हैसियत पर तय होगा गुजारा भत्ता।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी। तीन लाख से अधिक मतदाता ग्यारह प्रत्याशियों की किस्मत का कर रहे हैं फैसला।
02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना के जे. पी. गंगा पथ के तीसरे चरण का लोकार्पण करेंगे।
03. राज्य की प्रमुख नदियों में उफान के कारण पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और सुपौल समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। नए इलाकें भी बाढ़ की चपेट में।
04. और, सिवान से दिल्ली जा रही बस उत्तर प्रदेश के उन्नाव में दुर्घटनाग्रस्त। भीषण सड़क हादसे में पंद्रह लोगों की मौत, बीस से अधिक घायल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।